**CLASS : 12th (Sr. Secondary)** **Code No. 1215**

**Series : SS/Annual Exam.-2024**

***SET : A***

*Roll No.* | | | | | | | | | | |

# राजनीतिशास्त्र

## POLITICAL SCIENCE

[ Hindi and English Medium ]

***ACADEMIC/OPEN***

(Only for Fresh/Re-appear/Improvement/Additional Candidates)

*Time allowed : **3** hours ]* *[ Maximum Marks : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **16** तथा प्रश्न **40** हैं।*

  *Please make sure that the printed pages in this question paper are **16** in number and it contains **40** questions.*

- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*

  *The **Code No.** and **Set** on the right side of the question paper should be written by the candidate on the front page of the answer-book.*

- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*

  *Before beginning to answer a question, its Serial Number must be written.*

- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*

  *Don't leave blank page/pages in your answer-book.*

- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*

  *Except answer-book, no extra sheet will be given. Write to the point and do not strike the written answer.*



www.mseducationtv.com

- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। रोल नं० के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर अन्य कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।*

  *Candidates must write their Roll No. on the question paper. Except Roll No. do not write anything on question paper and don't make any mark on answers of objective type questions.*

- *कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है,* ***परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

  *Before answering the questions, ensure that you have been supplied the correct and complete question paper,* ***no claim in this regard, will be entertained after examination.***

---

*सामान्य निर्देश :*

*(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) प्रश्न संख्या* **1** *से* **20** *तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। निर्देशानुसार इन प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न* 1 *अंक का है।*

*(iii) प्रश्न संख्या* **21** *से* **28** *तक आंतरिक विकल्प के साथ अतिलघु उत्तरात्मक प्रश्न दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्न* 2 *अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर* **एक** *या* **दो** *वाक्यों में अथवा* **कुछ** *शब्दों में होना चाहिए।*

*(iv) प्रश्न संख्या* **29** *से* **36** *तक आंतरिक विकल्प के साथ लघूत्तरात्मक प्रश्न दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्न* 3 *अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग* ***80*** *से* ***100*** *शब्दों में होना चाहिए।*

*(v) प्रश्न संख्या* **37** *से* **40** *तक निबन्धात्मक प्रश्न हैं। सभी प्रश्न आंतरिक विकल्प के साथ दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्न* 5 *अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग* ***150*** *से* ***180*** *शब्दों में होना चाहिए।*

***General Instructions :***

*(i)* ***All questions are compulsory.***

*(ii) Question Nos.* **1** *to* **20** *are objective type questions. Answer these questions as per instructions. Each question is of* 1 *mark.*

*(iii) Question Nos.* **21** *to* **28** *are very short answer type questions with internal choice. Each question is of 2 marks. The answer of these questions should be in* ***one*** *or* ***two*** *sentences or in* ***few*** *words.*



www.mseducationtv.com

*(iv)* *Question Nos.* **29** *to* **36** *are short answer type questions with internal choice. Each question is of* 3 *marks. The answer to each question should be in about* **80** *to* **100** *words.*

*(v)* *Question Nos.* **37** *to* **40** *are essay type questions. All questions are given with internal choice. Each question is of* 5 *marks. The answer to each question should be in about* **150** *to* **180** *words.*

**[ वस्तुनिष्ठ प्रश्न ]**

**[ Objective Type Questions ]**

*निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के **सही** विकल्प चुनिए :*

*Choose the **correct** option of the following multiple choice questions :*

**1.** भारत के लिए अभूतपूर्व हिंसा और विस्थापन त्रासदी का वर्ष था : 1

(A) सन् 1948 (B) सन् 1947

(C) सन् 1945 (D) इनमें से कोई नहीं

It was a year of unprecedented violence and displacement tragedy for India :

(A) 1948 (B) 1947

(C) 1945 (D) None of these

**2.** भारतीय जनसंघ की स्थापना निम्नलिखित वर्ष में हुई थी : 1

(A) सन् 1950 (B) सन् 1951

(C) सन् 1952 (D) सन् 1949

Bharatiya Jana Sangh was established in the following year :

(A) 1950 (B) 1951

(C) 1952 (D) 1949



www.mseducationtv.com

**3.** भारत में पहली पंचवर्षीय योजना कब लागू हुई थी ? 1

(A) सन् 1951 (B) सन् 1952

(C) सन् 1953 (D) सन् 1954

When was the First Five Year Plan implemented in India ?

(A) 1951 (B) 1952

(C) 1953 (D) 1954

**4.** पाँचवें आम चुनाव के बाद भारत के प्रधानमंत्री कौन बने ? 1

(A) इन्दिरा गाँधी (B) अटल बिहारी वाजपेयी

(C) राजीव गाँधी (D) चन्द्रशेखर

Who became the Prime Minister of India after the fifth general election ?

(A) Indira Gandhi (B) Atal Bihari Vajpayee

(C) Rajiv Gandhi (D) Chandrashekhar

**5.** राजीव-लोंगोवाल समझौता कब हुआ था ? 1

(A) सन् 1970 (B) सन् 1978

(C) सन् 1985 (D) सन् 1987

When was Rajiv-Longowal Agreement signed ?

(A) 1970 (B) 1978

(C) 1985 (D) 1987



www.mseducationtv.com

**6.** दक्षिण एशिया के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन ***गलत*** है ? 1

(A) दक्षिण एशिया में सिर्फ एक तरह की राजनीतिक प्रणाली चलती है।

(B) बांग्लादेश और भारत ने नदी जल की हिस्सेदारी के बारे में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

(C) 'साफ्टा' पर हस्ताक्षर इस्लामाबाद के 12वें सार्क सम्मेलन में हुआ।

(D) दक्षिण एशिया की राजनीति में चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

Which of the following statements about South Asia is ***wrong*** ?

(A) Only one type of political system operates in South Asia.

(B) Bangladesh and India have signed an agreement regarding sharing of river water.

(C) 'SAFTA' was signed at the 12th SAARC conference in Islamabad.

(D) China and the United States play important roles in the politics of South Asia.

**7.** वैश्वीकरण के बारे में कौन-सा कथन ***सही*** है ? 1

(A) वैश्वीकरण का सम्बन्ध सिर्फ वस्तुओं की आवाजाही से है।

(B) वैश्वीकरण में मूल्यों का संघर्ष नहीं होता।

(C) वैश्वीकरण के अंग के रूप में सेवाओं का महत्त्व गौण है।

(D) वैश्वीकरण का सम्बन्ध विश्वव्यापी पारस्परिक जुड़ाव से है।



www.mseducationtv.com

Which statement is ***correct*** about Globalization ?

(A) Globalization is related only to the movement of goods.

(B) There is no conflict of values in Globalization.

(C) The importance of services as a part of Globalization is secondary.

(D) Globalization is related to worldwide interconnectedness.

**8.** पर्यावरण के प्रति बढ़ते सरोकारों का क्या कारण है ? 1

(A) विकसित देश प्रकृति की रक्षा को लेकर चिंतित हैं।

(B) पर्यावरण की सुरक्षा मूलवासी लोगों और प्राकृतिक पर्यावासों के लिए जरूरी है।

(C) मानवीय गतिविधियों से पर्यावरण को व्यापक नुकसान हुआ है और यह नुकसान खतरे की हद तक पहुँच गया है।

(D) इनमें से कोई नहीं

What is the reason for increasing concerns towards the environment ?

(A) Developed countries are concerned about protecting nature.

(B) Protection of the environment is important for indigenous people and natural habitats.

(C) Human activities have caused extensive damage to the environment and this damage has reached dangerous levels.

(D) None of these

*उपयुक्त शब्द द्वारा खाली स्थान भरें :*

*Fill in the blanks by appropriate word :*

**9.** मंडल आयोग की सिफारिशों को प्रधानमंत्री श्री ............... ने लागू किया था। 1

The recommendations of the Mandal Commission were implemented by the Prime Minister Shri ................... .



www.mseducationtv.com

**10.** सन् 1962 में भारत और चीन के बीच अरुणाचल प्रदेश के कुछ इलाकों और ............... को लेकर सीमावर्ती लड़ाई हुई थी। 1

In 1962, there was a border conflict between India and China over some areas of Arunachal Pradesh and ............... .

**11.** संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद् में ............... स्थायी और ............... अस्थायी सदस्य हैं। 1

The Security Council of the United Nations has ............. permanent and ............. non-permanent members.

*सही मिलान कीजिए :*
*Match the correct :*

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **12.** रेल हड़ताल<br>Railway Strike | : | (1) | सम्पत्ति का निजी स्वामित्व<br>Private Ownership of Property | 1 |
| **13.** शॉक थेरेपी<br>Shock Therapy | : | (2) | 2002<br>2002 | 1 |
| **14.** बर्लिन की दीवार का गिरना<br>Fall of Berlin Wall | : | (3) | जॉर्ज फर्नान्डिज<br>George Fernandes | 1 |
| **15.** यूरोप में 'यूरो' की शुरुआत<br>Introduction of 'Euro' in Europe | : | (4) | 1989<br>1989 | 1 |



www.mseducationtv.com

*निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** या **दो** शब्दों/ वाक्यों में दीजिए :*

*Answer the following questions in **one** or **two** words/ sentences :*

**16.** आपातकाल के दौरान हुए किस संवैधानिक संशोधन को 'लघु संविधान' तक कहा गया है ? 1
Which constitutional amendment made during the Emergency has been called a 'Mini Constitution' ?

**17.** 'जय जवान जय किसान' नारे का सम्बन्ध किस नेता से है ? 1
The slogan 'Jai Jawan Jai Kisan' is related to which leader ?

**18.** '21वीं सदी के दृष्टिकोण पत्र' पर किन देशों ने हस्ताक्षर किए ? 1
Which countries signed the '21st century vision paper' ?

**19.** भारत की विदेश नीति का ***एक*** सिद्धान्त बताएँ। 1

Mention ***one*** principle of India's Foreign Policy.

*अभिकथन-कारण आधारित प्रश्न :*

*Question based on Assertion-Reason :*

**20.** दिये गये कथनों : **अभिकथन (A)** व **कारण (R)** के आधार पर ***सही*** विकल्प का चयन करें : 1

**अभिकथन (A) :** संयुक्त राष्ट्र संघ का मुख्य उद्देश्य अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति एवं सुरक्षा को कायम रखना है।

**कारण (R) :** अनेक कारणों के चलते संयुक्त राष्ट्र संघ अपने इस उद्देश्य में सफल नहीं रहा है।

(A) अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(B) अभिकथन (A) एवं कारण (R) दोनों सही हैं, किन्तु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(C) अभिकथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) गलत है।

(D) अभिकथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।



www.mseducationtv.com

The question given below is based on **Assertion (A)** and **Reason (R)**. Choose the ***correct*** option :

**Assertion (A) :** The main objective of United Nations is to maintain international peace and security.

**Reason (R) :** Due to many reasons the United Nations has not been successful in its objective.

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of Assertion (A).

(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is not the correct explanation of Assertion (A).

(C) Assertion (A) is true, but Reason (R) is wrong.

(D) Assertion (A) is wrong, but Reason (R) is true.

**[ अतिलघु उत्तरात्मक प्रश्न ]**

**[ Very Short Answer Type Questions ]**

**21.** आजादी के समय देश के पूर्वी और पश्चिमी इलाकों में राष्ट्र निर्माण की चुनौती के लिहाज से ***दो*** मुख्य अन्तर क्या थे ? 2

At the time of independence, what were the ***two*** main differences in terms of challenge of nation building in the eastern and western areas of the country ?

**22.** अगर पहले चुनाव के बाद भारतीय जनसंघ अथवा भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की सरकार बनी होती, तो किन मामलों में इस सरकार ने अलग नीति अपनाई होती ? इन दलों द्वारा अपनाई गई नीतियों के बीच ***दो*** अन्तरों का उल्लेख करें। 2



www.mseducationtv.com

If the government of Bharatiya Jana Sangh or Communist Party of India had been formed after the first elections, then in which matters would this government have adopted a different policy ? Mention ***two*** differences between the policies adopted by these parties.

अथवा

**OR**

भारत में दल प्रणाली की ***दो*** विशेषताएँ बताएँ।

Explain ***two*** characteristics of the party system in India.

**23.** नेहरू विदेश नीति के संचालन को स्वतन्त्रता का एक अनिवार्य संकेतक क्यों मानते थे ? अपने उत्तर में ***दो*** कारण बताएँ और उनके पक्ष में उदाहरण भी दें। 2

Why did Nehru consider the conduct of foreign policy as an essential indicator of independence ? Give ***two*** reasons in your answer and also give examples in support of them.

अथवा

**OR**

भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के ***दो*** कारण लिखें।

Write ***two*** reasons for tension between India and Pakistan.

**24.** सन् 1970 के दशक में इंदिरा गाँधी की सरकार किन कारणों से लोकप्रिय हुई थी ? 2

For what reasons did Indira Gandhi's government become popular in the 1970s ?

अथवा

**OR**

श्री लालबहादुर शास्त्री जी पर संक्षिप्त नोट लिखें।

Write a short note on Shri Lal Bahadur Shastri ji.



www.mseducationtv.com

**25.** ऐसे ***दो*** मसलों के नाम बताएँ जिन पर भारत और बांग्लादेश के बीच आपसी सहयोग है। 2

Name the ***two*** issues on which there is mutual cooperation between India and Bangladesh.

**26.** श्रीलंका के जातीय संघर्ष में किनकी भूमिका प्रमुख है ? 2

Whose role is important in the ethnic conflict of Sri Lanka ?

**अथवा**

**OR**

दक्षिण एशिया के देश एक-दूसरे पर अविश्वास करते हैं। इससे अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर यह क्षेत्र एकजुट होकर अपना प्रभाव नहीं जमा पाता। इस कथन की पुष्टि में कोई ***दो*** उदाहरण दें।

The countries of South Asia distrust each other. Due to this, this region is not able to unite and exert its influence on international forums. Give any ***two*** examples to support this statement.

**27.** रियो सम्मेलन के क्या परिणाम हुए ? 2

What were the results of Rio Conference ?

**अथवा**

**OR**

पृथ्वी को बचाने के लिए जरूरी है कि विभिन्न देश सुलह और सहकार की नीति अपनाएँ। पर्यावरण के सवाल पर उत्तरी और दक्षिणी देशों के बीच जारी वार्ताओं की रोशनी में इस कथन की पुष्टि करें।

To save the earth, it is necessary that different countries adopt the policy of reconciliation and cooperation. Justify this statement in the light of the ongoing negotiations between Northern and Southern Countries on the environmental question.



www.mseducationtv.com

**28.** वैश्वीकरण में प्रौद्योगिकी का क्या योगदान है ? 2

What is the contribution of technology in Globalization ?

**अथवा**

**OR**

विश्वव्यापी 'पारस्परिक जुड़ाव' क्या है ? इसके कौन-कौन-से घटक हैं ?

What is worldwide 'interconnectedness' ? What are its components ?

**[ लघूत्तरात्मक प्रश्न ]**

**[ Short Answer Type Questions ]**

**29.** भारत विभाजन के ***तीन*** बुरे परिणाम बताएँ। 3

Name ***three*** bad consequences of the partition of India.

**30.** पहली पंचवर्षीय योजना का किस चीज पर सबसे ज्यादा जोर था ? दूसरी पंचवर्षीय योजना पहली से किन अर्थों में अलग थी ? 3

What was the greatest emphasis of the first five year plan ? In what ways was the second five year plan different from the first ?

**अथवा**

**OR**

नियोजित विकास की ***तीन*** उपलब्धियाँ लिखें।

Write ***three*** achievements of planned development.

**31.** 1975 में राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा करते हुए, सरकार ने इसके क्या कारण बताए थे ? 3

What reasons did the government give while declaring National Emergency in 1975 ?



www.mseducationtv.com

अथवा

OR

वचनबद्ध न्यायपालिका से क्या अभिप्राय है ? भारत में इसका उदय कैसे हुआ ?

What is meant by committed judiciary ? How did it emerge in India ?

**32.** आपातकाल के दौर में भाजपा एक महत्त्वपूर्ण शक्ति के रूप में उभरी। इस दौर में इस पार्टी के विकास क्रम पर संक्षिप्त नोट लिखें। 3

BJP emerged as an important force during the Emergency. Write a short note on the development of this party during this period.

अथवा

OR

गठबंधन सरकार का अर्थ व गठबंधन सरकार के भारतीय राजनीति पर पड़ने वाले कोई ***तीन*** प्रभाव लिखें।

Write the meaning of Coalition Government and any ***three*** effects of coalition government on Indian Politics.

**33.** भारत जैसे देशों के लिए सोवियत संघ के विघटन के क्या परिणाम हुए ? 3

What were the consequences of the disintegration of Soviet Union for countries like India ?

**34.** 'आशियान विजन 2020' की मुख्य बातें क्या हैं ? 3

What are the main points of 'ASEAN Vision 2020' ?

अथवा

OR



www.mseducationtv.com

भारत और चीन के बीच विवाद के मामलों की पहचान करें और बताएँ कि बेहतर सहयोग के लिए इन्हें कैसे निपटाया जा सकता है ? अपने सुझाव भी दीजिए।

Identify the issues of dispute between India and China and explain how these can be resolved for better cooperation ? Give your suggestions also.

**35.** परम्परागत और अपारम्परिक सुरक्षा में क्या अन्तर है ? गठबन्धनों का निर्माण करना और बनाये रखना इसमें से किस कोटि में आता है ? 3

What is the difference between Traditional and Unconventional Security ? Creating and maintaining alliances falls into which category ?

**अथवा**

**OR**

'शक्ति सन्तुलन' क्या है ? कोई देश इसे कैसे कायम करता है ?

What is 'balance of power' ? How does a country maintain this ?

**36.** 'विश्व की सांझी विरासत' का क्या अर्थ है ? इसका दोहन और प्रदूषण कैसे होता है ? 3

What is the meaning of 'common heritage of the world' ? How is it exploited and polluted ?

**अथवा**

**OR**

विभिन्न देशों के सामने सबसे गंभीर चुनौती वैश्विक पर्यावरण को आगे कोई नुकसान पहुँचाए बगैर आर्थिक विकास करने की है। यह कैसे हो सकता है ? कुछ उदाहरण के साथ समझाएँ।

The most serious challenge facing various countries is to achieve economic development without causing further harm to the global environment. How can this be achieved ? Explain with some examples.



www.mseducationtv.com

## [ निबन्धात्मक प्रश्न ]

## [ Essay Type Questions ]

**37.** किसी राष्ट्र का राजनीतिक नेतृत्व किस तरह उस राष्ट्र की विदेश नीति पर असर डालता है ? भारत की विदेश नीति का उदाहरण देते हुए, इस प्रश्न पर विचार कीजिए। 5

How does the political leadership of a nation affect the foreign policy of that nation ? Consider this question giving examples of India's Foreign Policy.

**अथवा**

**OR**

भारत-पाकिस्तान सम्बन्धों की व्याख्या करें।

Explain India-Pakistan relations.

**38.** पंजाब समझौते के मुख्य प्रावधान क्या थे ? क्या ये प्रावधान पंजाब और उसके पड़ोसी राज्यों के बीच तनाव बढ़ाने के कारण बन सकते हैं ? तर्क सहित उत्तर दीजिए। 5

What were the main provisions of the Punjab Agreement ? Can these provisions lead to increased tension between Punjab and its neighbouring States ? Answer with logic.

**अथवा**

**OR**

क्षेत्रीयवाद से क्या अभिप्राय है ? क्षेत्रीयवाद के कारणों का वर्णन कीजिए।

What is meant by Regionalism ? Describe the reasons for regionalism.



www.mseducationtv.com

**39.** भारत के नागरिक के रूप में सुरक्षा परिषद् में भारत की स्थायी सदस्यता के पक्ष का समर्थन आप कैसे करेंगे ? अपने प्रस्ताव का औचित्य सिद्ध करें। 5

As a citizen of India, how will you support India's permanent membership in the Security Council ? Justify your proposal.

**अथवा**

**OR**

संयुक्त राष्ट्र संघ के संगठन एवम् उसमें निहित अंगों की विस्तारपूर्वक चर्चा करें।

Discuss in detail the organization of the United Nations and its Constituent Organs.

**40.** वैश्वीकरण ने भारत को कैसे प्रभावित किया है और भारत कैसे वैश्वीकरण को प्रभावित कर रहा है ? 5

How has Globalization affected India and how is India affecting Globalization ?

**अथवा**

**OR**

वैश्वीकरण का अर्थ तथा इसके सकारात्मक व नकारात्मक पक्षों का वर्णन करें।

Describe the meaning of Globalization and its positive and negative aspects.



www.mseducationtv.com